RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : बुधवार 10 अगस्त 2022 | वर्ष 04 | अंक 100 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## शिंदे सरकार का पहला कैबिनेट विस्तार,

# 18 विधायक बने मंत्री...

**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे मंगलवार ने यहां भाजपा के डिप्टी देवेंद्र फडणवीस के साथ दो सदस्यीय सरकार चलाने के 40 दिन बाद पहला कैबिनेट विस्तार किया है. उन्होंने सोमवार को नांदेड़ में पत्रकारों से कहा था कि मंत्रिमंडल का विस्तार मंगलवार को होगा. शिंदे ने 30 जून को मुख्यमंत्री और देवेंद्र फडणवीस ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी.

**ये 18 मंत्री** – राधाकृष्ण विखे पाटिल, सुधीर मुनगंटीवार, चंद्रकांत पाटिल, सुरेश खाड़े, संदीपन भुमरे, दीपक केसरकर, गुलाबराव पाटिल, दादा भूसे, संजय राठौड, अतुल सावे, शंभूराज देसाई, मंगल प्रभात लोढ़ा, विजयकुमार गावित, गिरीश महाजन, उदय सामंत, तानाजी सावंत, रवींद्र चव्हाण, अब्दुल सत्तार.




**अगले चरण का मंत्रिमंडल विस्तार बाद में**

शिंदे के एक सहायक ने नाम न उजागर करने की शर्त पर को बताया कि अगले चरण का मंत्रिमंडल विस्तार बाद में होगा. सूत्रों ने बताया कि शिंदे पर बागी नेताओं को मंत्रिमंडल में जगह देने का भारी जिम्मा होगा.

**क्या बोले अजित पवार**

नेता प्रतिपक्ष व राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता अजित पवार ने कहा कि आगामी विधानमंडल सत्र के सुचारु संचालन के लिए मंत्रिमंडल का विस्तार छोटे पैमाने पर होगा. पवार ने कहा, ह्लफडणवीस ने मुझे सूचित करने के लिए बुलाया और मुझे शपथ समारोह में शामिल होने के लिए भी आमंत्रित किया. मैं वहां मौजूद रहूंगा.ह्व अजित पवार ने दावा किया कि शिंदे ने उनके खेमे में आने वाले प्रत्येक विधायक को मंत्री पद देने का वादा किया था. उन्होंने कहा, ''अब शिंदे अपना वादा पूरा नहीं कर पा रहे हैं इसलिए मंत्रिमंडल विस्तार में देरी हुई है. मुख्यमंत्री को देरी की वजह बतानी चाहिए.'' बता दें कि शिंदे ने जून में शिवसेना से बगावत की थी और कई बागी नेताओं के साथ मिलकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सहयोग से सरकार बना ली थी.

# मुंबई में हर घर लहराएगा तिरंगा!

## BMC की 50 लाख तिरंगे बांटने की है योजना...!



देश इस साल आजादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है. ऐसे में केंद्र सरकार द्वारा देशभर में 'हर घर तिरंगा' लहराने की मुहिम चलाई जा रही है. इस अभियान को सफल बनाने के लिए तमाम राज्यों की सरकारें भी जुटी हुई है. मुंबई में भी बीएमसी द्वारा बड़े स्तर पर 'हर घर तिरंगा' का अभियान चलाया जा रहा है. गौरतलब है कि बीएमसी कमिश्नर आईएस चहल के नेतृत्व में 13,14 और 15 अगस्त के बीच मुंबई की ऐतिहासिक इमारतों और स्थलों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने की योजना बनाई गई है. इस मौके पर मुंबई की ऐतिहासिक इमारतें, चौक और पर्यटन स्थल तिरंगे से रोशन किए जाएंगे.

**मुंबई के ऐतिहासिक स्थलों पर फहराया जाएगा तिरंगा**

दरअसल बता दें कि बीएमसी द्वारा दादर स्थित डॉ अंबेडकर स्मारक चैत्य भूमि से लेकर शिवाजी पार्क, एयर इंडिया बिल्डिंग, मरीन ड्राइव, ट्राइडेंट होटल, एनसीपीए, मरीन ड्राइव पर सेकारिया से शिव सदन व मरीन लाइंस तक लेजर लाइट के जरिए डिजिटल डिस्प्ले लाइटिंग से तिरंगा दिखाया जाएगा. वहीं मरीन ड्राइव ट्राइडेंट होटल पर स्पेशल लेजर शो भी होगा. वहीं मुंबई के किले, दक्षिण मुंबई स्थित मुंबई यूनिवर्सिटी के फोर्ट कैंपस स्थित राजाबाई क्लॉक टॉवर, प्रिंस ऑफ वेल्स म्यूजियम, कमला नेहरु पार्क, इमेजिका थीम पार्क, हैंगिंग गार्ड सहित मालाबार हिल्स व कई अन्य ऐतिहासिक जगहों पर तिरंगा फहराया जाएगा.

**बीएमसी की 50 लाख तिरंगा बांटने की योजना है**

गौरतलब है कि बीएमसी की 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत 50 लाख तिरंगा बांटने की योजना है. इस योजना पर बीएमसी 7 करोड़ रुपये भी खर्च कर रही है. वहीं अभियान के बीएमसी नोडल अधिकारी अमोल गीते ने बताया कि 13 से 15 अगस्त के बीच 10 स्पेशल लेजर शो का आयोजन होगा. इसके जरिए स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने वालों के बारे में बताया जाएगा और देशभक्ति से संबंधित संदेश भी दिया जाएगा.

**लोगों को तिरंगा अभियान के प्रति किया जा रहा है जागरूक**

बता दें कि मुंबई की तमाम जगहों, रेलवे स्टेशनों, सड़कों और क्लब, टी जंक्शन सहित सरकारी कार्यालयों पर खासतौर पर तिरंगा फहराया जाएगा. वहीं होर्डिंग, बैनर और डिजिटल साइन बोर्ड लगाकर तिरंगा अभियान के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है. गौरतलब है कि बीएमसी ने दावा किया है कि मुंबई में अब तक 18 लाख से ज्यादा तिरंगे बांचे जा चुक हैं. जल्द ही 8 लाख तिरंगे भी वितरित कर दिए जाएंगे.

# बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री पद से दिया इस्तीफा!

## बीजेपी और जेडीयू का गठबंधन भी टूट गया



**बिहार :** बिहार में बीजेपी और जेडीयू का गठबंधन टूट गया है. नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है. इसके बाद नीतीश कुमार ने कहा कि मैंने इस्तीफा दे दिया है. राज्यपाल ने इस्तीफा स्वीकार कर लिया है. हमने एनडीए छोड़ दिया है. एनडीए छोड़ने का फैसला विधायकों और सांसदों का है. उन्होंने कहा कि सब लोगों की इच्छा थी कि एनडीए छोड़ दिया जाए. महागठबंधन के सभी MLAs तेजस्वी यादव के घर पर मौजूद हैं. सीएम नीतीश कुमार भी पहुंच गए हैं.

राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपने के बाद नीतीश कुमार ने सरकार बनाने का भी दावा पेश किया है. उन्होंने दावा किया है कि उनके पास 160 विधायकों का समर्थन है. अब बिहार में महागबंधन की सरकार बनेगी है. इसे लेकर तेजस्वी यादव के घर पर नीतीश कुमार समेत महागठबंधन के विधायकों के बीच बैठक चल रही है. बताया जा रहा है कि इस बैठक में अगली सरकार को लेकर कोई फैसला हो सकता है. इसके बाद महागठबंधन की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस किया जा रहा है. बताया जा रहा है कि महागठबंधन की सरकार में जदयू का मुख्यमंत्री होगा, जबकि राजद का उपमुख्यमंत्री होगा, जिसके पास गृह मंत्रालय भी रहेगा. विधानसभा स्पीकर कांग्रेस का होगा. साथ ही कांग्रेस का भी एक उपमुख्यमंत्री बनाने के फॉमूर्ले पर चर्चा चल रही है.

## खुले में कचरा डालने पर कोर्ट ने लगाया 1200 रुपए का जुमार्ना

**कल्याण :** कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका क्षेत्र के अंतर्गत 13 जून 2022 को डोंबिवली औद्योगिक क्षेत्र में खुले भूखंड के. डब्ल्यू-54 पर वाहन सी महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम की (एम.एच. 04. एचडी. 7208) के माध्यम से शिकायत के अनुसार कि अज्ञात व्यक्ति खुले में कचरा फेंक रहा था। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग ने 21 जुलाई 2022 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मानपाड़ा पुलिस स्टेशन, डोंबिवली को एक पत्र के मध्यम से मामला दर्ज कर कार्रवाई करने को कहा गया था। ऐसे में वाहन के मालिक दर्शन बालकृष्ण भोईर उम्र (36) वर्ष पेशे से टेंपो चालक वाहन के नंबर से मालिक का पता लगा लगाया जो जयबाई निवास, मुंब्रा-पनवेल रोड, हनुमान मंदिर ठाणे निवासी था।

# संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## राष्ट्रमंडल में परचम...!

राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का प्रदर्शन जितना सुखद, उतना ही उत्साहजनक भी रहा है। विशेष रूप से बैडमिंटन, कुश्ती, भारोत्तोलन में भारत की उपलब्धियां काफी मायने रखती हैं। बैडमिंटन में रविवार को ही तीन पदक पक्के हो गए थे, लेकिन तीनों ही मुकाबलों में भारतीय खिलाड़ियों को जब स्वर्ण पदक हासिल हुए, तो यह अवसर बहुत विशेष बन गया है। पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन के स्वर्ण के अलावा सात्विक व चिराग शेट्टी की जोड़ी ने भी स्वर्ण पर कब्जा करके फिर एक बार साबित किया है कि भारत बैडमिंटन में एक सशक्त राष्ट्र है। पीवी सिंधु की जितनी तारीफ की जाए कम होगी, वह अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में भारत का सबसे सम्मानित चेहरा बन गई हैं। लगभग यही सम्मानजनक स्थिति मीराबाई चानू की भारोत्तोलन में और साक्षी मलिक की कुश्ती में बन गई है। इसी कड़ी में मुक्केबाजी में निकहत जरीन और कुश्ती में विनेश फोगाट का नाम जोड़ लीजिए, तो भारतीय लड़कियों ने फिर एक बार कमाल कर दिखाया है। खास यह कि इसमें इस बार एक नया नाम जुड़ा है, मुक्केबाज नीतू गंघास का। इन सभी महिला खिलाड़ियों ने स्वर्ण जीतकर भारतीय खेलों के लिए आगे की राह को प्रशस्त किया है। यह लड़कियों का ही दमखम है कि भारत राष्ट्रमंडल खेलों में सम्मान का परचम लहराने में कामयाब हुआ है।

हालांकि, इस बार प्रदर्शन पिछले राष्ट्रमंडल खेलों जितना अच्छा नहीं हुआ है। गोल्ड कोस्ट में आयोजित खेलों के पिछले संस्करण में भारत 26 स्वर्ण सहित 66 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा था। यहां यह भी याद कर लेना चाहिए कि भारत ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नई दिल्ली में आयोजित 2010 राष्ट्रमंडल खेलों में किया था।

भारत 2010 की पदक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया था। तब भारत को रिकॉर्ड 38 स्वर्ण सहित कुल 101 पदक हासिल हुए थे। मैनचेस्टर 2002 में भी भारत का प्रदर्शन शानदार रहा था। तब कुल 69 पदकों में 30 स्वर्ण शामिल थे। मतलब इस बार के खेलों में अपने प्रदर्शन से भारतीय राष्ट्रमंडल दल को प्रसन्न तो होना चाहिए, लेकिन ज्यादा अभिभूत होने की जरूरत नहीं है। आबादी के हिसाब से ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, कनाडा जैसे देश हमसे बहुत पीछे हैं, पर उनका खेलों में हमसे बहुत आगे होना, अपने आप में एक कहानी बयान करता है। राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल करीब 72 देशों के बीच चौथे स्थान पर होना मायने तो रखता है, लेकिन कहना न होगा, अब ऐसा प्रदर्शन भारत के आकार-प्रकार के बहुत अनुकूल नहीं है।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# धर्मांतरण के लिए पैसों का लालच दिखाने के आरोप में चार ईसाई मिशनरी गिरफ्तार

**मुंबई :** महाराष्ट्र के आदिवासी बाहुल्य पालघर जिले में समय-समय पर पैसे और सुख-सुविधाओं का लालच दिखाकर लोगों का धर्म परिवर्तन करने का प्रयास किया जाता रहा है। अभी हाल ही के एक मामले में घर में अकेली एक आदिवासी महिला को धर्मांतरण के लिए पैसों का लालच दिखाने के आरोप में चार ईसाई मिशनरियों को गिरफ्तार किया गया है। यह मामला पालघर जिले के डहाणू तालुका स्थित सरवली तलावपाड़ा में सामने आया। ज्ञात हो कि पालघर जिले में कई वर्षों से गरीब आदिवासियों को पैसे और सुख-सुविधाओं का लालच दिखाकर धर्म परिवर्तन का प्रयास जारी है। इससे पालघर जिले में त्योहार मनाने को लेकर अक्सर हिंदुओं और ईसाइयों के बीच विवाद हो जाता है



और तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो जाती है। स्थानीय लोगों के अनुसार चार ईसाई मिशनरी धर्म परिवर्तन के इरादे से पालघर जिले के डहाणू तालुका स्थित सरवली तलावपाड़ा में आए थे। इनके द्वारा गरीब परिवारों के साथ-साथ समस्याओं में उलझे और अलग-थलग पड़े लोगों की खोज कर उन्हें ईसाई धर्म में परिवर्तित करने के लिए तैयार करने का प्रयास किया जा रहा था। हालांकि एक महिला ने धर्म परिवर्तन करने से साफ इनकार कर दिया। इसके बाद महिला द्वारा इसकी जानकारी स्थानीय हिंदुत्ववादी कार्यकताओं को देते ही उनकी भीड़ जमा हो गई। इस दौरान हिंदुत्ववादी कार्यकताओं ने मिशनरियों से इस बारे में पूछताछ की। साथ ही महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

डहाणू पुलिस ने आईपीसी की धारा १५३, २९५, ४४८, ३४ के तहत आपराधिक मामला दर्ज कर लिया। साथ ही क्लेमेंट डी बेला, मरियम टी फिलिप्स, परमजीत उर्फ पिंकी शर्मा कौर और परशुराम धर्मा धिंगाडा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बताया गया कि महिला को पैसे का लालच देकर कहा गया कि अगर वह ईसाई धर्म स्वीकार करती हैं, तो उनके सारे सपने सच हो जाएंगे। लेकिन महिला ने धर्म परिवर्तन से इनकार कर दिया और पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज कराई।

# जीएसटी से महंगी हुई गणेश प्रतिमाएं...



**मुंबई :** गणेश प्रतिमा के लिए आवश्यक कच्चे माल पर जीएसटी लगाया गया है। इसलिए पीओपी की कीमत में 40 से 50 फीसदी की बढ़ोतरी होने से भक्तों को इस साल गणेश प्रतिमा के लिए अतिरिक्त भुगतान करना होगा। कोरोना महामारी के चलते दो साल तक त्योहारों और समारोहों पर प्रतिबंध लगा रहा। प्रतिबंधों ने जनजीवन को प्रभावित किया था। त्योहारों को बहुत उत्साह के साथ मनाया जा रहा है क्योंकि इस साल त्योहार बिना किसी प्रतिबंध के मनाया जाएगा। इसी तरह जब से इस महीने में गणेशोत्सव मनाया जाता है, बाजार में गणेश प्रतिमाओं की बिक्री में तेजी आई है।

# चाइल्ड पोर्नोग्राफी से बचकर, कहीं पहुंच न जाए जेल




**ठाणे :** चाइल्ड पोर्नोग्राफी आप देखते हो सावधान हो जाइए, क्योंकि चाइल्ड पोर्नोग्राफी से संबंधित कोई भी वीडियो बनाना और देखना कानूनी तौर पर अपराध है। ऐसे यदि इस कानून को आप तोड़ते है तो जेल की हवा खानी पड़ सकती है। साथ ही कानून में इसके लिए सात साल तक की कैद और एक लाख रुपए जुमार्नें का प्रावधान है। ऐसे में ठाणे पुलिस ने चाइल्ड पोर्नोग्राफी से बचने और ऐसे वीडियो साझा न करने की चेतावनी दी हैं। वहीं पुलिस ने बताया कि पिछले 6 महीनों में कुल 18 मामले ठाणे पुलिस ने दर्ज किए हैं।

कुछ वर्ष पहले सरकार ने कई पॉर्न वेबसाइटों पर बैन लगा दिया था। इन वेबसाइटों में ही कई ऐसी वेबसाइटें ऐसी है जिनमें चाइल्ड पोर्नोग्राफी का भी समावेश था। पुलिस निरंतर चाइल्ड पोर्नोग्राफी से जुड़े अपराधों पर नजर रखती है। ठाणे पुलिस ने भी इसीके तहत पिछले 6 महीने में चाइल्ड पोर्नोग्राफी से जुड़े 18 मामले दर्ज किए हैं और अपराधियों पर कार्रवाई की है। ठाणे पुलिस के अपराध शाखा के अतिरिक्त आयुक्त अशोक मोराले ने बताया कि आम तौर पर चाइल्ड पोर्नोग्राफी की सभी वेबसाइटें बैन है। इसके बावजूद कई लोग अलग अलग हथकंडे अपना कर इन वेबसाइटों का इस्तेमाल करते है।

# अधर में नेरुल-बेलापुर-उरण लोकल कॉरिडोर परियोजना...!

**मुंबई :** मध्य रेलवे की बहुप्रतीक्षित रेल परियोजनाओं में से एक नेरुल-बेलापुर-उरण लोकल कॉरिडोर परियोजना अधर में लटक गई है। परियोजना का दूसरा चरण खारकोपर से उरण है। इस परियोजना के अंतर्गत सिडको को अपने हिस्से की जो राशि रेलवे को देनी है, वो समय पर नहीं मिलने के कारण यह परियोजना सुस्त हो गई है। जबकि २७ किमी लंबे इस रेलवे लाइन प्रोजेक्ट में से १२ किमी मार्ग पर नेरुल-बेलापुर और खारकोपर के बीच लोकल सेवाओं का संचालन जारी है, केवल १५ किमी मार्ग के निर्माण के लिए सिडको से निधि समय पर नहीं मिलने के कारण इस परियोजना को पूरा करने में देरी हो रही है। काम में देरी के कारण अब इस परियोजना की नई डेडलाइन मार्च २०२३ कर दी गई है।

बता दें कि खारकोपर-उरण लोकल कॉरिडोर का ७५ फीसदी से अधिक काम हो गया है। मध्य रेलवे के मुताबिक जीएम अनिल कुमार लाहोटी



के मार्गदर्शन में इस चौथे कॉरिडोर के काम को गति दी जा रही है। मध्य रेलवे के अधिकारी ने बताया कि सिडको द्वारा समय पर अपने हिस्से की निधि न उपलब्ध कराने से कार्य प्रभावित हुआ है। यदि समय पर निधी मिली तो इस वित्तीय वर्ष के अंत में मार्च २०२३ तक यह काम पूरा कर लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस प्रोजेक्ट में सिडको का हिस्सा ६७ प्रतिशत, जबकि रेलवे का ३३ प्रतिशत है। सिडको द्वारा भूमि हस्तांतरण के बाद काम तेजी से शुरू है। उरण तक पहाड़ी इलाका होने के कारण काम काफी कठिन माना जा रहा है।

# मनसे के कार्यकताओं के लिए मार्गदर्शन शिविर

**मुंबई :** कुछ महीनों में स्थानीय स्वशासन के चुनाव होने जा रहे हैं, जिसके लिए सभी दलों ने काम करना शुरू कर दिया है और कई दलों ने मार्च भी शुरू कर दिया है. टठर ने दक्षिण मध्य मुंबई निर्वाचन क्षेत्र में कार्यकताओं के लिए चुनाव का सामना करने के लिए एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया।

इस शिविर में माहिम विधानसभा



के पूर्व विधायक नितिन सरदेसाई भी शामिल हुए। अब सोशल मीडिया का जमाना होने के कारण सभी पार्टियों ने सोशल मीडिया पर जोर दिया है और कई पार्टियों ने सोशल मीडिया ग्रुप भी बना लिए हैं. लेकिन अब मनसे भी पीछे नहीं है. मनसे की ओर से आज इस प्रशिक्षण शिविर में सोशल मीडिया की भी जानकारी दी गई ।

# शिवसेना के बागी विधायकों पर खडसे का तगड़ा तंज!




**मुंबई :** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा शिवसेना के करीब ४० विधायकों के साथ बगावत किए जाने के बाद इन पर कई तरह के आरोप लगाए गए। बगावत करने के लिए प्रत्येक विधायक को ५० करोड़ रुपए दिए जाने का दावा महाविकास आघाड़ी के कुछ नेताओं द्वारा किया गया। इस दावे को दोहराते हुए राकांपा नेता और विधायक एकनाथ खडसे ने बागियों की कड़ी आलोचना की। बता दें कि मुक्ताईनगर में रविवार को राकांपा का समारोह संपन्न हुआ। इस समारोह में बोलते हुए एकनाथ खडसे ने इस नई सरकार पर जोरदार हमला किया। उन्होंने कहा कि इनके बाप-दादाओं ने कभी ५० करोड़ रुपए नहीं देखे होंगे। खडसे ने कहा कि शिंदे सरकार द्वारा लोकतंत्र का मजाक उड़ाया जा रहा है। राज्य में नई सरकार के गठन को एक महीना बीत जाने के बाद भी मंत्रिमंडल का विस्तार नहीं किया गया है। इस बारे में बात करते हुए खडसे ने कहा कि एक मुख्यमंत्री हैं और दूसरे बिना पद के उपमुख्यमंत्री हैं। मंत्रिमंडल के विस्तार को लेकर सरकार का पिछले ३७ दिनों से बचकाना खेल शुरू है। एकनाथ खडसे ने इन शब्दों में सरकार को फटकार लगाई है।

# राणा दग्गुबाती ने इंस्टाग्राम को कहा अलविदा, डिलीट किए सारे पोस्ट

फिल्म 'बाहुबली' में नेगेटिव किरदार से लोगों पर अपनी अलग छाप छोड़ने वाले एक्टर राणा दग्गुबाती ने इंस्टाग्राम से दूरी बना ली है। एक्टर ने अपने सारे पोस्ट को डिलीट कर दिया है। हालांकि अपने रील्स को उन्होंने नहीं हटाया है। राणा ने यह कदम क्यों उठाया है इसके पीछे की वजह अब तक पता नहीं चल सकी है। एक्टर सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा लोकप्रिय हैं। उन्हें इंस्टा पर लगभग 47 लाख लोग फॉलो करते हैं। राणा दग्गुबाती ने सोशल मीडिया छोड़ने का एलान कुछ दिनों पहले ही कर दिया था। उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल से एक पोस्ट शेयर किया था जिसमें उन्होंने






इसकी जानकारी दी थी। हालांकि इस पोस्ट में उन्होंने इस बात का जिक्र नहीं किया था कि वह ऐसा कब करने वाले हैं। ट्विटर पर उन्होंने लिखा था, 'काम प्रगति पर है। फिलहाल सोशल मीडिया से थोड़ी दूरी बना रहा हूं। आपको फिल्मों में नजर आउंगा। सभी को बहुत सारा प्यार और आशीर्वाद।'

बता दें कि हाल ही में राणा ने अपनी शादी की दूसरी एनिवर्सरी मनाई थी। इस मौके पर उन्होंने फैंस संग कुछ तस्वीरें शेयर की थीं जो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी थीं। इन फोटोज में राणा अपनी पत्नी के साथ एफिल टावर के पास कैंडल लाइट डिनर करते नजर आए थे। फैंस को एक्टर का यह अंदाज काफी पसंद आया था।

वर्क फ्रंट की बात करें तो एक्टर आखिरी बार तुलुगू फिल्म 'विराटपर्वम' में नजर आए थे। इस फिल्म में उनके साथ साई पल्लवी ने भी काम किया था। फिल्मों के अलावा वह एक सीरीज में भी बिजी हैं जिसका नाम नायडू है। यह फेमस अमेरिकन शो डोनोवन का हिंदी रीमेक है। सीरीज में साउथ सुपरस्टार वेंकटेश भी नजर आने वाले हैं। हाल ही में उन्होंने अपने चाचा के साथ काम करने को लेकर सोशल मीडिया पर खुशी जताई थी।

## एसी लोकल को जबरदस्त प्रतिसाद, डोंबिवली, कल्याण, ठाणे अव्वल...

**मुंबई :** मुंबई के उपनगरीय रेल यात्रियों को अब एसी लोकल रास आने लगी है। इसके पीछे की दो वजह हैं। एक एसी लोकल के किराए में हुई कटौती और दूसरी वजह इसकी फास्ट सर्विस हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि मध्य रेलवे के यात्रियों को भी एसी लोकल की सवारी धीरे-धीरे भाने लगी है। यात्री आंकड़ों को देखें तो डोंबिवली, ठाणे और कल्याण सहित सीएसएमटी और घाटकोपर जैसे प्रमुख स्टेशनों पर यात्री बढ़े हैं। इनमें डोंबिवली, कल्याण और ठाणे अव्वल हैं। जानकारी के मुताबिक मध्य रेल द्वारा संचालित एसी उपनगरीय लोकल को यात्रियों का जबरदस्त प्रतिसाद मिल रहा है। पिछले छह महीनों में एसी लोकल ट्रेनों से यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है।

# 10 सालों में तेजी से घटी बस दुर्घटनाएं




**मुंबई :** बेस्ट बसों से होने वाली जानलेवा दुर्घटनाएं बीते दस सालों में निचले स्तर तक पहुंचाने में प्रशासन सफल रहा है। इस साल बेस्ट बसों की चपेट में आने से केवल दो लोगों की मौत हुई है। बेस्ट के अधिकारियों ने बताया कि आने वाले वर्ष में जीरो एक्सीडेंट मिशन को सामने रखते हुए इस पर काम किया जा रहा है। गंभीर और मामूली हादसों के आंकड़ों को कम करने में बेस्ट कर्मियों को सफलता मिली है। बताया गया है कि बेस्टकर्मियों को लगातार दिए जा रहे प्रशिक्षण के चलते यह संभव हो सका है। इससे दुर्घटनाओं की संख्या कम हो गई। बेस्ट उपक्रम के प्रशिक्षण विभाग के केंद्र में वर्ष-दर-वर्ष परिवहन प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले लोगों की संख्या में भी लगातार वृद्धि हुई है। पिछले साल मुंबई में दुर्घटना में मरने वालों की संख्या नौ थी, जबकि इस साल यह केवल दो है।

बेस्ट के बेड़े में स्वामित्व और किराए की बसों समेत करीब ३,५०० बसें हैं। इसके लिए यहां स्थायी के साथ-साथ किराए पर निजी वाहन चालक भी बसें चलाते हैं। पिछले दस वर्षों में इन कर्मचारियों के प्रशिक्षण की संख्या में भी वृद्धि हुई है। आंकड़ों के मुताबिक साल २०१३-१४ में केवल ३५३ प्रशिक्षुओं ने प्रशिक्षण लिया। पिछले साल २०२०-२१ में यह आंकड़ा १,६५० था जबकि २०२१-२२ में यह आंकड़ा ५,९५३ पर पहुंच गया।

# ९२.६२ फीसदी जल हुआ जमा, ८ दिनों में बढ़ा १ लाख एमएलडी

**मुंबई :** मुंबई को जलापूर्ति करनेवाले सातों जलाशय बारिश के जल से जलमग्न हो गए हैं। मनपा प्रशासन के मुताबिक सभी जलाशयों में ९२.६२ फीसदी पानी एकत्रित हो गया है। वहीं चार जलाशय क्षेत्रों में १०० मिमी से अधिक बारिश दर्ज की गई है। दूसरी तरफ केवल आठ दिनों में जलाशयों के जल स्तर में एक लाख एमएलडी पानी बढ़ा है। ऐसे में मुंबईकरों के सामने फिलहाल एक साल तक पानी को लेकर कोई टेंशन नहीं है।

उल्लेखनीय है कि बारिश के खत्म होने में अभी भी डेढ़ महीने का समय है। इसलिए मुंबईकर पेयजल को लेकर पूरी तरह से निश्चित हैं। बता दें कि मुंबई को जलापूर्ति करनेवाले अपर वैतरणा, मोडक सागर, तानसा, मध्य



वैतरणा, भातसा, विहार, तुलसी समेत सात जलाशयों में इस समय ९२.६२ फीसदी पानी का भंडारण हो गया है। सातों जलाशयों की कुल क्षमता १४ लाख ४७ हजार ३६३ एमएलडी है, जबकि इस समय कुल १३ लाख ४० हजार ५०८ एमएलडी पानी तालाबों में जमा है।

मनपा के मुताबिक मोडक सागर और तुलसी १०० फीसदी भर चुके हैं। इसी तरह तानसा ९९.५८ फीसदी, मध्य वैतरणा ९५.१६ फीसदी, अपर वैतरणा ८४.९५ फीसदी, भातसा ९१.८६ फीसदी और विहार ८४.३० फीसदी भर गए हैं। बता दें कि मुंबई में रोजाना ३,९५० एमएलडी जलापूर्ति होती है। ऐसे में मुंबई को जलापूर्ति करने वाले जलाशयों में १४ लाख ४७ हजार ३६३ एमएलडी पानी का भंडारण होना जरूरी है। जुलाई में सप्ताह भर हुई मूसलाधार बारिश से जलाशयों के जलभंडारण में भारी वृद्धि हुई है। हालांकि बीच में थमे वरुण देव बीते दो दिनों से जलाशय क्षेत्रों में वापस बरसना शुरू कर दिए हैं। इसके चलते जलाशयों के जल स्तर में फिर से वृद्धि होने लगी है। मनपा प्रशासन के मुताबिक बीते दो सालों की तुलना में इस साल बहुत अधिक जल भंडारण हुआ है।

# अधजले शव मामले में तीन आरोपि गिरफ्तार

**मुंबई :** कहते हैं कि जीवन में शादी-ब्याह के लिए एक अगुवा की जरूरत होती है। लेकिन मुंबई से सटे रायगढ़ जिला अंतर्गत न्यू पनवेल क्षेत्र में २८ जुलाई को मिले एक अधजले शव मामले में पुलिस ने सभी तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। हत्यारों में शामिल मुख्य साजिशकर्ता ने शादी कराने का झांसा देकर लिए गए पैसे वापस लौटाने से बचने के लिए उक्त वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के बाद उक्त अत्याचारी अगुवा की हैवानियत की पोल खुल गई। २८ जुलाई २०२२ को



न्यू पनवेल के जंगल में एक शव मिला था। इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया था। उसके बाद शव की पहचान किए जाने पर पता चला कि यह शव न्यू पनवेल स्थित उसरवाली गांव में रहने वाले प्रवीण शांताराम का है। इस मामले में पुलिस ने जांच करते हुए ३ अगस्त को नरेश को मुंबई से गिरफ्तार किया था, जबकि पुलिसिया जांच में नरेश के साथ-साथ अमन सिंह व दिलीप शुक्ला का भी नाम सामने आया। फरार दोनों आरोपितों के आजमगढ़ में छिपे होने की सूचना न्यू पनवेल पुलिस को मिली। नई मुंबई पुलिस के आयुक्त, डीसीपी और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक के मार्गदर्शन में टीम उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ पहुंची। एसटीएफ वाराणसी यूनिट की मदद से अमन सिंह एवं दिलीप शुक्ला को आजमगढ़ के खेमीपुर से उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया कि मृतक प्रवीण शांताराम की शादी नहीं हुई थी। उसके परिचित नरेश ने शादी करने का झांसा देकर शांताराम से ४० हजार रुपए लिए थे लेकिन शादी नहीं कराई। कई दिनों तक नरेश शांताराम को बरगलाता रहा लेकिन बाद में शांताराम समझ गया कि नरेश उसे चूना लगा रहा है। अतः शांताराम उससे अपने ४० हजार रुपए वापस मांगने लगा। पैसे लौटाने से बचने के लिए नरेश ने शांताराम को मारने की योजना बनाई।

# मुंबई पुलिस गुमशुदा बच्चों को माता-पिता से मिलवाने के लिए शुरू करेगी अभियान

**मुंबई :** मुंबई पुलिस लापता या अगवा किए गए बच्चों को उनके परिवारों से मिलाने के लिए जल्द ही 'ऑपरेशन रीयूनाइटेड' शुरू करने जा रही है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 'ऑपरेशन रीयूनाइटेड' 75वें स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को शुरू होगा और 15 सितंबर तक चलेगा। इस पहल को सफल बनाने के वास्ते शहर की पुलिस ने गुमशुदा और अगवा किए गए बच्चों का पता लगाने के लिए नागरिकों से भी मदद मांगी है। अधिकारी ने बताया कि महीने भर चलने



वाले इस अभियान के दौरान पुलिस ऐसे बच्चों के माता-पिता का भी पता लगाएगी और उन्हें उनके परिवारों से मिलाने में मदद करेगी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने लोगों से संदिग्ध हालत में नजर आने वाले बच्चों और रेलवे स्टेशन, बस अड्डे व सड़कों पर भीख मांगने वालों तथा कूड़ा बीनने वाले बच्चों की सूचना हेल्पलाइन नंबर 100 या 1098 पर देने की अपील की है।



# गांव जाने से पत्नी करने लगी मना...

# सनकी पति ने अपनी पत्नी पर चाकू से हमला कर दिया

**मुंबई** : मुंबई में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है, जहां छोटी सी बात पर जालिम पति ने अपनी पत्नी पर चाकू से हमला कर दिया है। सनकी पति ने पत्नी का गला सिर्फ इस बात पर रेत दिया क्योंकि उसने गांव लौटना से इनकार कर दिया था। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। मामला मुंबई के अंबोली पुलिस थाने का है। आरोप पति की पहचान 32 साल के सोमोर कोनाय के रूप में हुई है। सोमोर पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले का मूल निवासी है। वह 1 अगस्त को अपनी पत्नी आदिनाबीबी शेख (31) की तलाश में मुंबई आया था। वहीं आदिनाबीबी शेख पहले ही एक नौकरी की तलाश में



मुंबई आई हुई थी।

**घायल पत्नी करना चाहती थी नौकरी**

आदिनाबीबी शेख आरोपी सोमोर कोनाय की दूसरी पत्नी है। पुलिस ने कहा कि, इस जोड़े ने इसी साल शादी की और छोटी-छोटी बातों को लेकर उनके बीच लड़ाई होनी शुरू हो गई थी। इसके बाद आदिनाबीबी शेख 28 जुलाई को घर छोड़कर मुंबई आ गई और जोगेश्वरी पश्चिम के बेहराम बाग में कुछ रिश्तेदारों के साथ रह रही थी। अपने पति के गांव में नौकरी के अवसरों की कमी के कारण, वह वापस नहीं जाना चाहती थी। पुलिस ने बताया है कि, रविवार की रात सोमोर कोनाय ने आदिनाबीबी शेख से जोर देकर कहा कि, उसे उसके साथ गांव लौटना चाहिए लेकिन आदिनाबीबी ने मना कर दिया।

**पत्नी की हत्या के लिए आरोपी पति ने खरीदा चाकू**

अंबोली थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक बंदोपंत बंसोडे ने कहा कि, गुस्से में आकर कोनाय ने अपनी जेब से चाकू निकाला और अपनी पत्न ी का गला काट दिया और खून बहने के बाद वह मौके से फरार हो गया। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक बंसोडे ने कहा कि, महिला को कूपर अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी सर्जरी की गई और कटे हुए घाव के इलाज के लिए 25 टांके लगाए गए। पुलिस ने तब उसका बयान दर्ज किया और उसके पति को गिरफ्तार कर लिया, जिस पर उसकी हत्या के प्रयास के लिए मामला दर्ज किया गया है। जोन 9 के पुलिस उपायुक्त मंजूनाथ सिंगे ने कहा कि, कोनाय ने रविवार को अपनी पत्न ी से मिलने से पहले चाकू खरीदा था। पुलिस ने सोमवार को उसे हत्या की कोशिश के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है।


# महाराष्ट्र मंत्रिमंडल में महिलाओं को जगह न मिलने से सुप्रिया सुले नाखुश

**मुंबई** : राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सांसद सुप्रिया सुले ने महाराष्ट्र मंत्रिमंडल के मंगलवार को हुए विस्तार पर असंतोष जताते हुए कहा है कि यह खेदजनक है कि इसमें एक भी महिला को जगह नहीं मिली। सुश्री सुले ने ट्वीट किया कि एकनाथ शिंदे सरकार में महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व मिलने की उम्मीद थी, लेकिन एक भी महिला को मौका नहीं मिला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद कहते हैं कि देश की प्रगति के लिए महिला सशक्तिकरण जरूरी है लेकिन कुल 18 में से किसी महिला को मंत्री नहीं बनाया गया। इस बीच, औरंगाबाद के सांसद और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के सदस्य सईद इम्तियाज जलील ने कहा कि अब जबकि औरंगाबाद में पांच मंत्री हैंझ



दो केंद्र में (डॉ भागवत कराड और रावसाहेब दानवे) तथा तीन राज्य में (अब्दुल सत्तार, संदीपन भुमरे और अतुल सावे)—" आइए हम सभी उम्मीर करें कि मेरे जिले और मराठवाड़ा का विकास हो।''

# मेट्रो 3 परियोजना की लागत में बढ़ोतरी के लिए महाराष्ट्र कैबिनेट की मिल सकती है मंजूरी...



स'ाद्री गेस्ट हाउस में होने वाली राज्य कैबिनेट की बैठक में मेट्रो 3 की परियोजना लागत में वृद्धि की मुंबई मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की मांग पर विचार किया जा सकता है. एमएमआरसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि परियोजना की लागत अब 23,136 करोड़ रुपये से बढ़कर 33,405 करोड़ रुपये हो गई है. शहरी विकास विभाग, मूल निकाय जिसे एमएमआरसी रिपोर्ट करता है, ने 10,269 करोड़ रुपये की वृद्धि की मांग की है और एक नया वित्तीय परिव्यय भी मांगा है.

केंद्र के 18 जुलाई 2013 के पहले के पत्र के अनुसार, राज्य सरकार को करों में वृद्धि, विदेशी विनिमय दरों में उतार-चढ़ाव और योजना में बदलाव जैसी अन्य चीजों के कारण होने वाली लागत को वहन करना था. अधिक केंद्रीय हिस्सेदारी पाने के लिए इस शर्त में ढील दिए जाने की संभावना है और राज्य केंद्र से और सहायता मांग सकता है.

**परियोजना में राज्य का इतना हिस्सा बढ़ने की उम्मीद**

लागत बढ़ने से परियोजना में राज्य का हिस्सा 2,402 करोड़ रुपये से बढ़कर 3,699 करोड़ रुपये हो जाएगा और इसे कैबिनेट में भी मंजूरी मिल सकती है. भूमि अधिग्रहण की लागत 2,421 करोड़ रुपये से बढ़कर 2,554 करोड़ रुपये हो गई है. इस परियोजना को जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी द्वारा वित्त पोषित किया गया है और उनका ऋण 13,235 करोड़ रुपये से बढ़कर 19,924 करोड़ रुपये हो जाएगा. राज्य इसके लिए एमएमआरसी के प्रबंध निदेशक को अधिकार देगा. मेट्रो सीपज को कोलाबा से जोड़ेगी और भारतीय नौसेना के अनुरोध के कारण परियोजना को जल्द ही नेवी नगर तक विस्तारित किया जाएगा.

# लगातार बारिश से तालाब में तब्दील हुआ वसई-विरार

**वसई** : वसई-विरार और नालासोपारा में देर रात से जोरदार बारिश हो रही है। भारी बारिश के कारण लोग अपने घरों में बंद हैं। लगातार बारिश के चलते शहर के ज्यादातर इलाके जलमग्न हो गए हैं। सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया है, जिससे लोगों को पानी के बीच अपनी यात्रा करनी पड़ रही है। नालासोपारा पूर्व सेंट्रल पार्क, आचोले, अल्कापुरी, स्टेशन परिसर आदि इलाका पानी-पानी हुआ है। बरसाती पानी के के चलते सड़क गायब नजर आ रहे हैं। पानी से स्टेशन परिसर तक पहुंचने में



लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

**सड़कों पर खड़े वाहन डूबे**

नालासोपारा में सुबह से ही रुक-रुककर हो रही बारिश से पानी का जलस्तर बढ़ रहा है। सड़कों पर खड़े वाहन डूब गए। सड़क पर जमा पानी से गुजरने वाले वाहन बंद हो रहे हैं। ज्यादातर ऑटो रिक्शा चालकों ने अपने रिक्शों को बंद रखा है। ऐसे में यात्रियों को पैदल यात्रा कर अपने सफर को तय करना पड़ा। यदि इसी तरह बरसात जारी रही तो क्षेत्र के नागरिकों की मुश्किलें और भी बढ़ सकती है। पूर्व के सेंट्रल पार्क, आचोले, अल्कापुरी, स्टेशन परिसर पूरी तरह तालाब में तब्दील हो गया है।

# ऋषि सुनक की जीत के लिए ब्रिटेन में हो रही हवन, जानिए पीएम रेस में कितनी बढ़त

ऋषि सुनक पिछले काफी समय से दुनियाभर में चर्चा में बने हुए हैं। वे ब्रिटिश प्रधानमंत्री की दौड़ में बने हुए हैं। ब्रिटिश मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अब तक के चरणों में सुनक की प्रतिद्वंद्वी विदेश मंत्री लिज ट्रस आगे चल रही हैं। अब तक हुए दो जनमत सर्वेक्षणों में ट्रस ने सुनक पर बढ़त बना ली है। इसके बावजूद भी ऋषि के समर्थक और भारतवंशियों को सुनक पर पूरा भरोसा है। उनकी जीत के लिए ब्रिटेन में मौजूद भारतवंशी हवन कर रहे हैं। दरअसल, ऋषि सुनक के लिए वहां हवन कर रहे उनके समर्थक कहते हैं कि वे एक सक्षम प्रत्याशी हैं, इसलिए उनकी जीत की कामना कर रहे हैं। इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय प्रवासियों ने उनकी जीत के लिए हवन का आयोजन किया। एक ब्रिटिश भारतीय ने कहा कि हम उनके लिए प्रार्थना इसलिए नहीं कर रहे हैं क्योंकि वो एक भारतीय



है, बल्कि इसलिए कि उनके पास क्षमता है और वो हमें संकट से बाहर निकाल सकते हैं।

हाल ही सुनक व ट्रस के बीच टेलीविजन पर बहस हुई थी। इसमें कंजरवेटिव पार्टी के सदस्यों के बीच सुनक ने जीत हासिल की थी। यह सुनक के लिए प्रोत्साहनकारी है। चुनावी बहस के एजेंडे में बढ़ती जीवन लागत, ऊर्जा बिल, महंगाई जैसे मुद्दे सबसे ऊपर होते हैं। पीएम बोरिस जॉनसन के इस्तीफे के बाद उनके उत्तराधिकारी के चुनाव के लिए सत्तारूढ़ कंजरवेटिव पार्टी एक चुनाव अभियान छेड़े हुए है।

बता दें कि सितंबर में पार्टी सदस्यों की अंतिम वोटिंग के जरिए नए पीएम का चयन होगा। कई चरणों में चुनाव प्रक्रिया जारी है। अब तक के चरणों में सुनक की प्रतिद्वंद्वी विदेश मंत्री लिज ट्रस आगे चल रही हैं। अब तक हुए दो जनमत सर्वेक्षणों में ट्रस ने सुनक पर बढ़त बना ली है। एक तथ्य यह भी है कि भारतीय प्रवासी ब्रिटेन में सबसे बड़े जातीय अल्पसंख्यकों में से हैं। ब्रिटेन में करीब 15 लाख भारतीय रहते हैं। ये कुल ब्रिटिश आबादी के करीब 2.5 फीसदी हैं। उनका ब्रिटेन की जीडीपी में छह फीसदी योगदान है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैजल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नंबर 3-4, अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नंबर 12, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई - 63 से छपवाकर रूम नंबर 15 रमजान बिन 17- सी, वंजावडी, माहिम (वेस्ट), मुंबई - 400016 से प्रकाशित किया . संपर्क कार्यालय 1 ए, ग्राउंड फ्लोर, साहिल मेन्शन, बालमिया लेन, माहिम (वेस्ट), मुंबई - 400016.
मोबाइल नंबर 9987775650 व्हाट्सएप नंबर 9987775650 ईमेल- editor@rokthoklekhaninews.com -किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मुंबई होगा!